





# गणतंत्र दिवस समारोह पूरे जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया

## प्रभारी मंत्री ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति, आन-बान शान से लहराया तिरंगा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 जनवरी, जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोह परम्परागत हर्ष, उल्लास से मनाया गया. पूरे जिले में आन बान शान से तिरंगा लहराया. मुख्य समारोह एस.ए. एफ. मैदान रीवा में आयोजित किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल मंत्री ग्रामीण विकास विभाग एवं श्रम ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली.**

इसके बाद मुख्य अतिथि ने प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन किया. मुख्य समारोह के साथ-साथ जिले के सभी कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में भी ध्वजारोहण किया गया. सभी नगर पंचायतों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में समारोह पूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया गया जिला स्तरीय





समारोह में आकषर्क परेड प्रस्तुत की गई. परेड कमाण्डर प्रशिक्षु आईपीएस राजीव अग्रवाल के नेतृत्व में जिला पुलिस बल, महिला पुलिस, एनसीसी, जेल, एसएएफ, स्काउट गाइड, सैनिक स्कूल के दल तथा नगर सेना ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की. इसके बाद मुख्य अतिथि ने रंग बिरंगे गुब्बारे आकाश की अनंत ऊचांईयों को छूने के लिए मुक्त किये. उन्होंने परेड कमांडरों व प्लाटून कमांडरों से परिचय प्राप्त किया. इसके बाद मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों को उनके पास जाकर शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया. समारोह में उमादत्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुरूकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा ज्ञानस्थली सीनियर सेकण्डरी स्कूल के बच्चों ने मनोहारी नृत्य और गीत प्रस्तुत किए. इनके माध्यम से जिले और प्रदेश में विकास के कार्यों, उपलब्धियों, सांस्कृतिक विरासत, सेना के शौर्य, ऑपरेशन सिंदूर, बसामन मामा में प्राकृतिक खेती प्रकल्प और ऐतिहासिक धरोहरों को प्रदर्शित किया गया.

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित** -गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पहला स्थान गुरूकुल स्कूल को प्राप्त हुआ. उमादत्त उमावि को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ. सांस्कृतिक कार्यक्रमों में तीसरा स्थान ज्ञानस्थली सीनियर सेकण्डरी स्कूल रीवा को प्राप्त हुआ. समारोह में निर्वाचन कार्य, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये. समारोह में सांसद जनार्दन मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व महापौर राजेन्द्र ताम्रकार, कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव सिंह राजपूत, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला पंचायत सीईओ मौजूद रहे.

### झांकियों में दिखी योजनाओं की झलक

समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों के माध्यम से शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया. ग्रामीण विकास विभाग की झांकी में ड्रोन दीदी, प्रधानमंत्री आवास तथा एक बगिया माँ के नाम दिखाई गई. नगर निगम की झांकी में स्वच्छता अभियान, ईव्ही से कचरा संग्रहण तथा जल शोधन संयंत्र को दिखाया गया. उद्योग विभाग की झांकी में इन्वेस्टर्स समिट, महिला एवं बाल विकास की झांकी में गर्भ से गौरव तक महिला सशक्तिकरण को प्रदर्शित किया गया. पीएचई विभाग की झांकी में जलजीवन मिशन से स्वच्छ जल आपूर्ति को दर्शाया गया. पशुपालन विभाग की झांकी में क्षीरधारा तथा कामधेनु योजना को दिखाया गया. जेल विभाग की आकर्षक झांकी में गीता भवन, तथा बंदियों के कल्याण को दर्शाया गया. केन्द्रीय जेल की झांकी को प्रथम पुरूस्कार मिला.

### परेड में पीटीएस प्रथम स्थान पर

गणतंत्र दिवस समारोह का समापन पुरस्कार वितरण से हुआ. समारोह के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया. परेड में प्रथम स्थान पुलिस ट्रेनिंग सेंटर, दूसरा स्थान जिला पुलिस बल महिला तथा तीसरा स्थान विशेष सशस्त्र बल नवीं वाहनी को प्राप्त हुआ. बिना शस्त्र की परेड में प्रथम स्थान सीनियर गर्ल्स एनसीसी दल टीआरएस कालेज, दूसरा स्थान एनसीसी गर्ल्स सीनियर तथा तीसरा स्थान एनसीसी बालक टीआरएस कालेज को प्राप्त हुआ. समारोह में परेड में शामिल स्काउट गाइड को प्रथम, रेडक्रास बालिका को द्वितीय तथा स्काउट दल रीवा को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ. परेड में शामिल सैनिक स्कूल के दल में जल सेना प्रथम, थल सेना को द्वितीय तथा वायु सेना को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. समारोह में प्रदर्शित झांकियों में प्रथम स्थान केन्द्रीय जेल रीवा, दूसरा स्थान शिक्षा विभाग तथा संयुक्त रूप से तीसरा स्थान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा ट्राईबल विभाग की झांकी को प्राप्त हुआ.



## संक्षिप्त



### श्रम कल्याण केंद्र में ध्वजारोहण

**रीवा,** श्रम कल्याण केंद्र, रीवा में 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड क्रमांक 35 के पार्षद मुन्ना भैया रहे. मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया. जिसके पश्चात सभी उपस्थित जनों ने जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया।तत्पश्चातअतिथि महोदय के द्वारा उपस्थितजनों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी एवं कल्याण सहायक प्रीति मिश्रा के द्वारा श्रम कल्याण मंडल द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए विस्तृत रूप से विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई. कार्यक्रम में कल्याण सहायक प्रीति मिश्रा ,सिलाई प्रशिक्षिका माया शर्मा, एवं केंद्र के चौकीदार रईसा खातून सहित केंद्र की छात्राएं बच्चे व श्रमिक गण मौजूद रहे. कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों को प्रसाद वितरित कर आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.

### गुरु वशिष्ठ ट्रॉमा सेंटर मऊगंज में जबड़े की सफल सर्जरी

**रीवा.** जबड़े की सर्जरी एक कॉम्प्लेक्स सर्जरी मानी जाती है, वो भी जब सड़क दुर्घटना में कई हिस्सों में टूटे हुए जबड़े की सर्जरी हो तो बहुत ज्यादा इंतजाम करने पड़ते है। मऊगंज जैसे नवीन जिले में गुरु वशिष्ठ ट्रॉमा सेंटर में अपने ही क्षेत्र ढेरा मिश्रगवा के निवासी डॉ अभिषेक मिश्रा ने अपने ग्राम वासियों को वही कॉम्प्लेक्स सर्जरी की सुविधा देकर मरीज को भटकने एवं महंगे खर्च से राहत प्रदान किया है। हाल में सड़क दुर्घटना में टूटे हुए तीन जबड़े के मरीज की एक के बाद छोटे से चीरे द्वारा जबड़े की फैक्चर सर्जरी गुरु वशिष्ठ हॉस्पिटल में की गई। सभी मरीजों को 24 घंटे के अंदर ही खाना पीना भी दिया जाने लगा तथा 2 से 3 दिन ने छुट्टी दे दी गई। इस तरह के जटिल ऑपरेशन के लिए अब तक लोग नागपुर जबलपुर भोपाल जैसे जगह का रुख करते थे। लेकिन विंध्य संभाग में जबड़े की सर्जरी विशेषज्ञ डॉ मिश्रा में यही मऊगंज जिले में सभी आधुनिक मशीन उपलब्ध कराई तथा उचित उपचार प्रदान किया। इस पूरे प्रयास में हॉस्पिटल संचालक एवं आर्थोपेडिक सर्जन डॉ कृपा शंकर मिश्रा एवं एनेस्थीसिया टीम का विशेष योगदान रहा।



### कमिश्नर ने कमिश्नर कार्यालय में किया ध्वजारोहण

**रीवा,** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी समारोह में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय में ध्वजारोहण किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हम सबको देश और समाज के प्रति कर्तव्यों तथा संविधान के प्रति निष्ठा की याद दिलाता है. हर व्यक्ति पूरी निष्ठा से सौंपा हुआ कार्य करे यही सच्ची राष्ट्र सेवा है. गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें देते हुए प्रभारी कमिश्नर ने कहा कि हर व्यक्ति देश के विकास में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का प्रयास करे. कार्यक्रम संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त एलएल अहिरवार तथा कमिश्नर कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.

### जिला स्तरीय समिति की बैठक 30 को

**रीवा,** नशीले पदार्थों तथा मेडिकल ड्रग की अवैध बिक्री के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान की निगरानी के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक 30 जनवरी को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है. बैठक की अध्यक्षता श्रीमती प्रतिभा पाल करेंगी. समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

### कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

**रीवा,** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन रीवा द्वारा 'बाल विवाह मुक्त भारत' के 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत गहन जागरूकता एवं हस्तक्षेप के उद्देश्य से 'बाल विवाह मुक्ति रथ' को कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह रथ जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के विरुद्ध जन जागरूकता फैलाएगा. इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के समन्वयक सुमित सिंह, चक्रपाणि मिश्र, आरती पटेल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.



## मेरी एवं मेरे परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा खराब कर जमीन पर कब्जा की कोशिश : वरूण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 जनवरी, हुजूर तहसील के लोही में स्थित भूमि विवाद को लेकर सेन परिवार कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठा है. वही दूसरे पक्ष ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि झूठे आरोप लगाकर सामाजिक प्रतिष्ठा खराब की जा रही है. वरूण मिश्रा एवं सबलू मिश्रा ने आरोपों को निराधार बताया है.**

जानकारी देते हुए वरूण मिश्रा ने बताया कि लोही में खसरा क्रमांक 341 रकवा 0.19 हे0 के अंश भाग 25×30 वर्गफिट का मामला है. वरूण ने बताया कि उनके पिता द्वारा अपर जिला न्यायाधीश रीवा के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई थी जिसे 19.7.2006 को पारित निर्णय व डिक्री के अनुसार स्वीकार किया गया. उक्त निर्णय के विरूद्ध सेन परिवार ने उच्च न्यायालय में अपील प्रस्तुत की, जहा अपील निरस्त हो गई. इसके बाद सिविल न्यायालय द्वारा पारित निर्णय व डिक्री के परिपालन हेतु इजराय प्रकरण 2007 में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश रीवा के समक्ष प्रस्तुत की गई. प्रकरण निराकरण के दौरान मेरे पिता का देहांत हो गया. इसके बाद मुझे और मेरी माता को पक्षकार बनाया गया.

वरूण ने बताया कि उक्त इजराय प्रकरण के मामले में सेन परिवार ने 25×30 वर्गफिट रकवे का अधिपत्य न्यायालयीन आदेशानुसार मौके पर जाकर 25.11.2025 को सौप दिया गया. जिसके बाद इजराय प्रकरण समाप्त कर दिया और हम 16 दिसम्बर को जर्जर अहरी को गिराकर फसल बोने के लिये समतलीकरण करा रहे थे. उस दौरान सेन परिवार द्वारा कार्य में बाधा उत्पन्न की गई और गाली गलौज किया गया. मुझे और मेरे परिवार को भू-माफिया बताकर बदनाम किया जा रहा है और प्रशासन पर दबाव बनाकर मेरी भूमि पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है.



शा.उमावि बदरांव में बच्चों के साथ भोजन करते प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल

## प्रभारी मंत्री ने बच्चों के साथ किया विशेष मध्याह्न भोजन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 जनवरी, जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोह परम्परागत हर्ष, उल्लास से मनाया गया. पूरे जिले में आन बान शान से तिरंगा लहराया. मुख्य समारोह एस.ए. एफ. मैदान रीवा में आयोजित किया गया.**

समारोह के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल मंत्री ग्रामीण विकास विभाग एवं श्रम ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली. समारोह के बाद गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री पटेल शा. उमावि बदरावं में आयोजित विशेष मध्यान्ह भोजन में शामिल हुये. उन्होंने बच्चों के साथ विशेष मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया. इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दी. प्रभारी मंत्री ने विद्यालय परिसर में पौधा रोपित करके पौधारोपण संरक्षण का संदेश दिया. कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे.

## अच्छे आचरण के कारण गणतंत्र दिवस पर 9 बंदी रिहा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 जनवरी, केन्द्रीय जेल रीवा से गणतंत्र दिवस पर 9 बंदियों को रिहा किया गया. अच्छे आचरण के कारण इन बंदियों को सजा में छूट का लाभ दिया गया.**

जेल अधीक्षक एसके उपाध्याय ने बताया कि सभी बंदियों के परिजनों को इस संबंध में समय पर सूचना दे दी गई थी. गणतंत्र दिवस पर सभी रिहा बंदी अपने परिजनों के साथ प्रसन्न होकर घर गए. गणतंत्र दिवस पर रिहा होने वाले बंदियों में इंदौर जिले के चंदननगर निवासी शाहिद पिता सनब्बर, शहडोल जिले के ग्राम बटुरा निवासी दिनेश पिता लल्ला वासुदेव तथा रीवा जिले के ग्राम हरदिहा निवासी तरूणेन्द्र पिता लोलर द्विवेदी शामिल हैं. अनूपपुर जिले के ग्राम हनुमना निवासी हरीलाल पिता छोटेलाल विश्वकर्मा तथा ग्राम धनगवां निवासी लीलाधर पिता रामपाल कुशवाहा तथा ग्राम खोड़री निवासी राहुल पिता रामकृपाल केवट को भी रिहा किया गया. सिंगरौली जिले के ग्राम हट्टा निवासी प्रेम सिंह पिता अजमेर सिंह, ग्राम कुंडैनिया निवासी सुरेन्द्र पिता बंधू यादव तथा ग्राम चरगोड़ा निवासी जियालाल पिता रामसुभग साकेत शामिल है. ये सभी बंदी आजीवन कारावास की सजा प्राप्त थे.



## बिना अनुमति संचालित बारात घरों को किया सील

**रीवा, 27 जनवरी,** निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम रीवा द्वारा अनाधिकृत रूप से संचालित मैरिज गार्डनों के विरुद्ध कार्यवाही अभियान चलाया गया. इसी क्रम में 27 जनवरी को कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व में जोन क्रमांक 4 अंतर्गत बिना अनुमति संचालित बारात घरों पर नगर निगम प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए 2 बारात घरों पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई. निरीक्षण के दौरान नगर निगम की टीम द्वारा कुल 5 बारात घरों का निरीक्षण किया गया, जिसमें नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 2 बारात घरों जिनमें श्री युग मैरिज गार्डन एवं सिद्धविनायक मैरिज गार्डन को सील किया गया. वहीं 2 बारात घर संचालकों को तत्काल आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, जबकि 1 बारात घर को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुपालन संबंधी नोटिस जारी की गई. इस कार्रवाई में जोनल अधिकारी सिद्धार्थ सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी सहित नगर निगम का अमला उपस्थित रहा.

## भाईयों पर प्राण घातक हमला करने वाले नहीं पकड़े गये आरोपी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 जनवरी, चोरहटा थाना अन्तर्गत खेत की सिंचाई के लिये लगाई गई पाइप टूटने के विवाद पर दो भाईयों पर प्राण घातक हमला रात में किया गया था. बाईपास सड़क का निर्माण करने वाली केसीसी कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा यह जानलेवा हमला किया गया और घायल दोनो भाईयों को उपचार के लिये भर्ती कराया गया.**

एफआईआर करने में पुलिस द्वारा आनाकानी की गई, बाद में प्रकरण दर्ज किया गया. लेकिन अभी तक आरोपी नही पकड़े गये है. जानकारी के मुताबिक किटवरिया बाईपास में सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है. उपेन्द्र तिवारी के खेत में सिंचाई के लिये पाइप लगी हुई थी, जिसे तोड़ दिया गया. जिसके बाद उपेन्द्र और उनके भाई राघवेन्द्र कम्पनी के लोगो से चर्चा करने शांति विला कालोनी के पास पहुंचे. उसी दौरान उन पर प्राण घातक हमला कर दिया गया. दोनो भाई खून से लतपत होकर गिर गये



जिन्हे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया. मारपीट की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई. पीड़ित पक्ष ने हत्या के प्रयास की धारा के साथ प्रकरण दर्ज करने की गुहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लगाई. उसके बाद किसी तरह प्रकरण दर्ज किया गया. लेकिन अभी तक प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार नही हुए है. सीसीटीवी कैमरे में मारपीट करने वाले आरोपी दिखाई दे रहे है. लेकिन पुलिस उनको गिरफ्तार करने में रूचि नही दिखा रही है. पीड़ित पक्ष का कहना है कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाय और अपनी जान माल का खतरा बताया है.

## पूरा करने की बजाय शासकीय सीएफटी भवन पर चला बुलडोजर, जनपद अध्यक्ष ने उठाए सवाल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 जनवरी, जनपद पंचायत नईगढ़ी क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत पुरैनी में अधूरे राजीव गांधी सेवा केन्द्र ( सीएफटी ) भवन को पूरा कराए जाने के बजाय ढ़हा दिया गया. भवन को पूरा कराए जाने के बजाय गिराए जाने को लेकर कई तरह के सवाल उठने लगे है. वही जनपद अध्यक्ष नईगढ़ी ममता कुंजबिहारी तिवारी ने सवाल उठाते हुए जनपद सीईओ नईगढ़ी को पत्र लिख कर जवाब मांगा है.**

ग्रामीणों का आरोप है कि सीएफटी भवन के निर्माण के लिए शासन से पूरी राशि आहरित की जा चुकी थी, इसके बावजूद भवन वर्षों से अधूरा पड़ा रहा न तो आज तक पूर्व सरपंच और सचिव से राशि की वसूली की गई और न ही भवन को पूर्ण कराने की कोई ठोस पहल हुई. इसके उलट, 27 जनवरी को शासकीय भवन को गिरा दिया गया, जिससे निकले निर्माण-मटेरियल के दुरुपयोग की आशंका भी गहराती जा रही है. इस गंभीर प्रकरण पर जनपद पंचायत अध्यक्ष ममता कुंज बिहारी तिवारी ने मुख्य कार्यपालन



अधिकारी, जनपद पंचायत नईगढ़ी को पत्र लिखकर तत्काल उच्चस्तरीय जांच की मांग की है. पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि बिना सक्षम स्वीकृति और विधिसम्मत प्रक्रिया किसी शासकीय भवन को गिराना लोकधन की खुली क्षति है, जिसकी जिम्मेदारी तय होना अनिवार्य है. जनपद पंचायत अध्यक्ष ने दो टूक कहा एक ओर क्षेत्र के विकास के लिए हम हर स्तर पर संघर्ष कर रहे हैं, दूसरी ओर इस तरह की मनमानी और अराजकता जनता के विकास पर सीधा हमला है. यह केवल भवन गिराने का मामला नहीं, बल्कि विकास योजनाओं की हत्या है. उन्होंने सवाल उठाया कि जब आहरित राशि की वसूली आज तक नहीं हुई, तो फिर इतने बड़े शासकीय भवन को गिराने का निर्णय किसके इशारे पर और किसके संरक्षण में लिया गया? क्या यह सब साक्ष्य मिटाने की कोशिश है यह जांच का विषय है. जनपद पंचायत अध्यक्ष ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष व समयबद्ध जांच कराई जाए. दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही हो. ध्वस्तीकरण से निकले शासकीय मटेरियल की रिकवरी सुनिश्चित की जाए भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी हो. यह मामला अब केवल एक पंचायत का नहीं, बल्कि पूरे जिले की प्रशासनिक जवाबदेही का परीक्षण बन चुका है.